ESTD 1959

# JHARKHAND SMALL INDUSTRIES ASSOCIATION

(Registered Under Societies Act 21, Regn. No. 431)

NABET

Ref.No.JSIA/P-2/2025-26/71

Date: 10.07.2025

## प्रेस विज्ञप्ति

आज दिनांक १० जुलाई २०२५ को झारखंड स्मॉल इंडस्ट्रीज़ एसोसियेशन (जेसिया) के नव निर्मित "**जेसिया.आरसीएफ कौशल विकास केंद्र**" का विधिवत उद्घाटन श्री महेश पोद्दार, पूर्व अध्यक्ष (जेसिया) एवम पूर्व राज्यसभा सदस्य के कर कमलों द्वारा संध्या ४ बजे संपन्न  हुआ।

ज्ञातव्य है कि उक्त प्रशिक्षण केंद्र का निर्माण श्री महेश पोद्दार जी के एम पी एल ई डी फंड के सहयोग से किया गया है।

इस प्रशिक्षण केंद्र का प्रबंधन एवम संचालन सर्वश्री रजरप्पा चेरिटेबल फाउण्डेशन (आरसीएफ) द्वारा किया जाएगा। इस फाउण्डेशन की अध्यक्षा श्रीमती अरुणदति पांडा तथा निदेशक श्री प्रदीप पांडा हैं।

"जेसिया.आरसीएफ कौशल विकास केंद्र" का मुख्य उद्देश्य समाज के युवक युवतियों को रोजगार उपयुक्त योग्यता जैसे कि कंप्यूटर संचालन, कंप्यूटर प्रोग्रामिंग (जावा, पायथन), वेब डिजाइनिंग, ऐप डेवलेपमेंट, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस  का प्रशिक्षण देना है।

इसके अलावा "जेसिया.आरसीएफ कौशल विकास केंद्र" में सॉफ्ट स्किल, ऑफिस एक्जीक्यूटिव, कम्युनिकेशन, हॉस्पिटैलिटी सेक्टर के कोर्स पढ़ाए जाएंगे।

मुख्य अतिथि, पूर्व राज्यसभा सांसद श्री महेश पोद्दार जी ने एसोसिएशन के सभी सदस्यों एवम पदाधिकारियों को कौशल विकास केंद्र की स्थापना के लिए बधाई एवं शुभ कामना देते भविष्य में और भी  सहयोग का आश्वासन दिया।

कृ.पृ.सं.पेज / 2

उपस्थित सभी अतिथियों और सदस्यों का स्वागत जेसिया अध्यक्ष श्री अंजय पचेरीवाल। जी ने किया। मंच संचालन जेसिया के पूर्व अध्यक्ष श्री फिलिप मैथ्यू द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन जेसिया उपाध्यक्ष श्री रणधीर शर्मा द्वारा किया गया ।

भ व दी य

(शिवम सिंह)
मानद सचिव